हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, मंगलवार 28 जुलाई 2026

गोसेवकों ने संतों संग निकाली गो सम्मान... 12



पेयजल लाइन लीकेज और खुले सीवरेज होल संबंधी... 12



## खबर संक्षेप

### बीएमआरआईटी कोर्स में दाखिले के लिए पहली काउंसलिंग आज

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (बीएमआरआईटी) कोर्स में दाखिले के लिए पहली काउंसलिंग 28 जुलाई को सुबह 9 :30 से होगी। एलाइड हैल्थ साइंस विभाग के अध्यक्ष प्रो. ओम प्रकाश सांगवान ने बताया कि विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अस्थायी मेरिट लिस्ट जारी कर दी गई है। काउंसलिंग का आयोजन विश्वविद्यालय के शिक्षण खंड-7 में होगा। काउंसलिंग में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को अपने साथ सभी मूल दस्तावेज और सूचना विवरणिका में दिए गए निर्देशों के अनुसार दस्तावेजों के दो-दो फोटोकॉपी सेट लाना अनिवार्य है।

### मुख्य अफीम सप्लायर को राजस्थान से पकड़ा

**हिसार।** एचटीएम पुलिस ने 822 ग्राम अफीम बरामदगी मामले में जांच करते हुए मामले के मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी पीएसआई विकास लाठर ने बताया कि गत 21 जुलाई को सीआईए मिल गेट टीम ने शिव नगर निवासी भूपेन्द्र शर्मा को 822 ग्राम अफीम सहित गिरफ्तार किया था। जांच में सामने आया कि बरामद अफीम का मुख्य सप्लायर राजस्थान के चुरू जिले के धानोती बेदी निवासी सतबीर है। आरोपी से पूछताछ जारी है और पुलिस रिमांड के दौरान यह पता लगाया जाएगा कि वह मादक पदार्थ कहां से लाता था, किन-किन लोगों को सप्लाई करता था।

### अवैध पिस्तौल व कारतूस सहित आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** सीआईए टीम ने कार्रवाई करते हुए घोड़ा फार्म रोड क्षेत्र से एक युवक को अवैध पिस्तौल एवं चार जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पटेल नगर निवासी राजन के रूप में हुई है। सीआईए प्रभारी पीएसआई कर्ण सिंह ने बताया कि सहायक उप निरीक्षक प्रह्लाद सिंह अपनी टीम के साथ दक्षिण बाइपास, बालसमंद रोड क्षेत्र में गश्त एवं अपराधियों की तलाश में मौजूद थे। इसी दौरान उन्होंने गुप्त सूचना के आधार पर घोड़ा फार्म से एक व्यक्ति को काबू करके उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से एक अवैध पिस्तौल व उसकी मैगजीन में चार जिंदा कारतूस बरामद हुए।

### ब्लैक फिल्म लगी कार का 11 हजार का चालान

**हिसार।** ट्रैफिक पुलिस ने बरवाला में ब्लैक फिल्म लगी कार चलाने और सीट बेल्ट नहीं पहनने पर चालक का 11 हजार का चालान किया है। बरवाला ट्रैफिक पुलिस में तैनात सब इंस्पेक्टर अशोक कुमार अपनी टीम के साथ हांसी रोड पर वाहनों की जांच कर रहे थे। इस दौरान एक कार के शीशों पर अवैध ब्लैक फिल्म लगी मिली। चालक ने सीट बेल्ट भी नहीं लगाई थी। पुलिस ने मौके पर ही कार के शीशों से ब्लैक फिल्म उतरवाई और चालक का 11 हजार रुपये का चालान कर दिया।

### बंधक बनाकर ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** सदर पुलिस ने बंधक बनाकर ले जाने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर वारदात में प्रयुक्त वाहन भी बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार सदर थाना में तैनात उप निरीक्षक विकास के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शिकायतकर्ता विकास शर्मा की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई की। शिकायत में बताया गया कि शिकायतकर्ता और आरोपी पंकज के बीच पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद के दौरान आरोपी कथित रूप से शिकायतकर्ता को जबरन बंधक बनाकर अपने घर ले गया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी पंकज को गिरफ्तार कर लिया।

---

### बरवाला नप में एमई और जेई पर अनियमितता व वित्तीय गड़बड़ियों के आरोप

# करोड़ों के 90 विकास कार्यों में धांधली का शक, सीएम फ्लाइंग ने लिए सैंपल

- सड़कों, श्मशान घाट और कम्युनिटी सेंटर से लिए गए निर्माण सामग्री के नमूने
- निर्माणाधीन कार्यों में निम्न गुणवत्ता, कम सामग्री लगाने और मेजरमेंट बुक में फर्जीवाड़े के भी आरोप
- लगभग एक करोड़ रुपये के विकास कार्य में गोलमाल पर 50 लाख रुपये से ज्यादा की रिकवरी मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

बरवाला नगरपरिषद क्षेत्र में गत वर्षों के दौरान कई करोड़ों रुपये की लागत से कराए गए 90 से ज्यादा विकास कार्यों में कथित अनियमितताओं और वित्तीय गड़बड़ियों की शिकायत पर सीएम फ्लाइंग की टीम सोमवार को जांच के लिए बरवाला पहुंची। संयुक्त टीम ने नगर परिषद द्वारा कराए गए विभिन्न विकास कार्यों का मौके पर जाकर निरीक्षण किया तथा कई स्थानों से निर्माण सामग्री के सैंपल एकत्रित किए। यदि जांच में निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की अनियमितता या गुणवत्ता में कमी पाई जाती है तो संबंधित अधिकारियों एवं अन्य जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की जा सकती है। जांच टीम का नेतृत्व सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना ने किया। टीम में हरियाणा पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन के एसडीओ भरत, एएसआई सुरेंद्र, हेड कांस्टेबल जितेंद्र, नगर परिषद के एमई अनिल तथा जेई रसीद हुसैन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



हिसार। मौके पर जांच करते व सैंपल लेते सीएम फ्लाइंग टीम।

#### मौके पर पहुंचकर किया निरीक्षण

शिकायत के आधार पर सीएम फ्लाइंग टीम ने बरवाला शहर के विभिन्न स्थानों पर जाकर नगर परिषद द्वारा कराए गए विकास कार्यों का भौतिक निरीक्षण किया। टीम ने सड़कों, गलियों तथा अन्य निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का अवलोकन किया और कई स्थानों से निर्माण सामग्री के सैंपल लिए। श्मशान घाट का कार्य लगभग तीन करोड़ रुपये से करवाया जा रहा है तथा कम्युनिटी सेंटर भी लगभग तीन करोड़ रुपये की लागत से बनवाया जा रहा है। दोनों जगह से टीम ने निर्माण सामग्री के सैंपल भरवाए हैं। इसके साथ ही कई अन्य कार्य भी करोड़ो रूपये की लागत से करवाए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार सीएम फ्लाइंग की जांच नगर परिषद द्वारा गत वर्षों में कराए गए 90 से अधिक विकास कार्यों की जांच की जा रही है। टीम सभी संबंधित रिकॉर्ड, तकनीकी स्वीकृतियों, माप पुस्तिकाओं, भुगतान विवरण तथा निर्माण गुणवत्ता का भी परीक्षण करेगी।

#### दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग

नागरिकों ने बताया कि लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से करवाए गए कार्य में धांधली बरती गई थी। इसके बाद सम्बंधित ठेकेदार से 50 लाख रुपये से ज्यादा की रिकवरी की गई है। इससे लग रहा है कि इसमें बड़े स्तर पर धांधली बरती गई थी। स्थानीय नागरिकों ने भी मांग की कि नगर परिषद द्वारा कराए गए विकास कार्यों की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए, ताकि सरकारी धन का सही उपयोग सुनिश्चित हो सके।

#### स्थानीय नागरिकों की शिकायत पर शुरू हुई जांच

जानकारी के अनुसार बरवाला निवासी नागरिकों द्वारा प्रदेश सरकार को शिकायत की गई थी। शिकायत में नगर परिषद में कार्यरत अधिकारियों एमई अनिल व जेई प्रवीण पर विकास कार्यों में कथित अनियमितताएं, गुणवत्ता से समझौता तथा वित्तीय गड़बड़ियां किए जाने के आरोप लगाए गए हैं। शिकायत में मांग की गई थी कि नगर परिषद द्वारा पिछले वर्षों में करोड़ों रुपए की लागत से करवाए गए 90 से ज्यादा कराए गए सभी विकास कार्यों की जांच कराई जाए। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि नगर परिषद द्वारा कराए गए सड़कों, गलियों, भवन निर्माण एवं मरम्मत कार्यों में निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया गया। निर्माण कार्यों में निम्न गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग करने, सीमेंट एवं सरिया की निर्धारित मात्रा से कम सामग्री लगाने, सीसी सड़कों की मोटाई कम रखने, माप पुस्तिका (मेजरमेंट बुक) में कथित रूप से अधिक माप दर्ज कर भुगतान कराने तथा मिट्टी भराई सहित अन्य मदों में अनियमितताएं बरतने के आरोप लगाए गए हैं। इसके अलावा शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि विभिन्न विकास कार्यों के टेंडर एवं भुगतान प्रक्रिया में भी अनियमितताएं हुई हैं। शिकायतकर्ता ने सभी निर्माण कार्यों की जांच कराकर कार्रवाई करने की मांग की है।

#### रिपोर्ट के आधार पर होगी कार्रवाई

जानकारी के अनुसार सीएम फ्लाइंग टीम द्वारा शिकायत में लगाए गए सभी आरोपों की तकनीकी आधार पर जांच की जा रही है। मौके से लिए गए निर्माण सामग्री के सैंपल लिए गए है तथा संबंधित विभागीय रिकॉर्ड का भी मिलान किया जाएगा। यदि जांच में किसी भी स्तर पर निर्माण कार्यों में अनियमितता, गुणवत्ता में कमी, वित्तीय गड़बड़ी अथवा सरकारी मानकों के उल्लंघन की पुष्टि होती है तो संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों, ठेकेदारों अथवा अन्य जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है।

---

## युवक को चाकू मारने के दो आरोपी मात्र 5 घंटे में दबोचे

- मुख्य आरोपी सोनू पर हत्या सहित सात और अनीश पर हत्या प्रयास सहित 6 मामले हैं दर्ज

**हिसार।** एचटीएम क्षेत्र की पुलिस चौकी 12 क्वार्टर टीम ने चाकू मारकर युवक को घायल करने के मामले में मात्र पांच घंटे के अंदर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों से वारदात में प्रयुक्त चाकू बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार पुलिस चौकी 12 क्वार्टर के मुख्य सिपाही अजयदीप के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए ठंडी सड़क निवासी अनीश व सोनू को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया गया। पुलिस के अनुसार इस संबंध में ठंडी सड़क क्षेत्र के ही जितेन्द्र ने पुलिस को शिकायत दी थी। उसने शिकायत में बताया कि 25 जुलाई की रात वह खाना खाकर अपनी डेयरी की ओर जा रहा था। रास्ते में आरोपी अनीश और सोनू ने उसका रास्ता रोक लिया।

आरोप है कि अनीश ने उसे पकड़ लिया, जबकि सोनू ने चाकू से उसकी दाहिनी जांघ पर वार कर दिया। इसके बाद दोनों ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। घायल को डेयरी मालिक ने उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। शिकायत एवं मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर थाना एचटीएम में मामला दर्ज कर जांच शुरू की और कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

### क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर ठगी करने का आरोपी धरा, ₹90 हजार बरामद

**हांसी।** साइबर क्राइम थाना पुलिस ने क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर साइबर ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर ठगी गई राशि में से 90 हजार बरामद किए गए हैं। पकड़े गए आरोपी की पहचान पंजाब के मलोट स्थित एसएएस नगर निवासी आरोपी सुरेंद्र पाल के रूप में हुई है। मुख्य सिपाही अमित कुमार ने बताया कि नारनौंद निवासी ललित कुमार ने शिकायत दी थी कि उसके मोबाइल पर खुद को एक्सिस बैंक के क्रेडिट कार्ड विभाग का कर्मचारी बताने वाले एक व्यक्ति का फोन आया। आरोपी ने क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देते हुए उसके मोबाइल पर एक लिंक भेजा। जैसे ही उसने लिंक पर क्लिक किया, उसका मोबाइल हैक हो गया और उसके एक्सिस बैंक के क्रेडिट कार्ड से 98,980 रुपए की धोखाधड़ी कर ली गई। घटना के तुरंत बाद पीड़ित ने राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज करवाई। शिकायत के आधार पर थाना साइबर पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और डिजिटल ट्रेल के आधार पर कार्रवाई करते हुए पंजाब के मलोट स्थित एसएएस नगर निवासी आरोपी सुरेंद्र पाल को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से ठगी गई राशि में से 90 हजार बरामद किए गए हैं।

---



### सेक्टर-33 के लोगों ने दी आंदोलन की चेतावनी

## सेक्टरवासियों के सब्र का इम्तिहान न लें अधिकारी

- समस्याओं के समाधान की उठाई मांग

**हिसार।** सेक्टर-33 के निवासियों की आम सभा आरडब्ल्यूएस के प्रधान डीएस पानू की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन सुरेंद्र बिश्नोई ने किया। इसमें आरडब्ल्यूए के पूर्व पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में सेक्टरवासियों ने क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा कर उनके समाधान के लिए सुझाव दिए। बैठक को संबोधित करते हुए आरडब्ल्यूए के पूर्व प्रधान राजपाल नैन ने कहा कि सेक्टरवासी लंबे समय से 15 सूत्रीय मांगों को लेकर संबंधित विभागों के समक्ष आवाज उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग के अधिकारी सेक्टरवासियों के सब्र का इम्तिहान न लें। यदि निर्धारित समय तक मांगों का समाधान नहीं हुआ तो पहले से दिए गए नोटिस के अनुसार सेक्टरवासी धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। बैठक में भगतवीर, जगदीश गोदारा, सरदार बलविंदर सिंह, डॉ. अनूप गोयल, सेक्टर-14 के प्रधान अजय जिंदल, डॉ. कुलवंत जांगड़ा, नरेश गोयल, साधु राम भ्याण, आरके सांगवान, मनोज कुंडू, प्रमोद धुंधवाल, बलवान शर्मा, डॉ. देशराज मेहंदीरत्ता, एसएस चौहान, बलबीर भुम्बक, मास्टर बलदेव बागला, तारावती कड़वासरा, निहारिका आदि मौजूद थे।

#### ये हैं प्रमुख मांगें

प्रमुख मांगों में आरक्षित स्थान पर नए बिजलीघर एवं वाटर वर्क्स का निर्माण, सीवरेज और बरसाती पाइपलाइन के मेनहोलों पर ढक्कन लगाना, आवारा पशुओं व कुत्तों की समस्या का स्थायी समाधान, कम प्रेशर की समस्या दूर कर पेयजल आपूर्ति में सुधार, सड़कों और खाली प्लॉटों में उगी खरपतवार की सफाई, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था दुरुस्त करना, मोबाइल नेटवर्क सुधार के लिए नया टावर स्थापित करना तथा अधूरे पार्कों का विकास शामिल हैं।

---

### 24 घंटे के पड़ाव से सरकार को दी चेतावनी, टेल तक नहीं पहुंच रहा पानी

## नहरों में दो सप्ताह पानी छोड़ने की मांग को लेकर किसानों ने लघु सचिवालय में डाला डेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नहरों में पर्याप्त अवधि तक पानी छोड़ने, टेल तक सिंचाई का पानी पहुंचाने और पेयजल संकट के स्थायी समाधान की मांग पर सोमवार को किसानों का गुस्सा सड़कों पर उतर आया। पगड़ी संभाल जट्टा संघर्ष समिति और जल संघर्ष समिति के बैनर तले बड़ी संख्या में किसान जिले के लघु सचिवालय पहुंचे और वहीं 24 घंटे का पड़ाव शुरू कर दिया। किसानों ने सरकार और सिंचाई विभाग पर किसानों की समस्याओं की लगातार अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा।

#### गंभीर सिंचाई और पेयजल संकट से जूझ रहे कई गांव

धरने का नेतृत्व कर रहे समिति के जिला प्रधान सतीश बेनीवाल एवं किसान नेता सुरेंद्र आर्य ने कहा कि जिले के बालसमंद, सिवानी और टेल क्षेत्र के अनेक गांव गंभीर सिंचाई और पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि नहरों की समय पर सफाई नहीं होने और वर्षों से मरम्मत नहीं होने के कारण पानी छोड़ते ही कई स्थानों पर नहरें टूट जाती हैं। इसका खामियाजा सीधे किसानों को भुगतना पड़ता है, जबकि संबंधित विभाग मूकदर्शक बना रहता है। उन्होंने कहा कि घग्गर ड्रेन हर वर्ष किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाती है, लेकिन सरकार अब तक इसका कोई स्थायी समाधान नहीं कर पाई है। दूसरी ओर किसानों को समय पर खाद भी उपलब्ध नहीं हो रही, जिससे खेती का पूरा चक्र प्रभावित हो रहा है।



#### विभाग की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

किसान नेता ने विभागीय अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि अधिकारी केवल कार्यालयों तक सीमित हैं, जबकि उन्हें नहरों के अंतिम छोर तक जाकर वास्तविक स्थिति देखनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि बीच रास्ते में अवैध रूप से पानी का बंटवारा होने के कारण टेल तक पानी पहुंच ही नहीं रहा, जिससे अंतिम गांवों के किसान सबसे अधिक प्रभावित हैं।

#### ये हैं मुख्य मांगें

किसानों ने कहा कि उनकी प्रमुख मांग है कि हिसार की नहरों में लगातार दो सप्ताह तक पानी छोड़ा जाए, ताकि खरीफ सीजन में फसलों को पर्याप्त सिंचाई मिल सके और पेयजल संकट भी दूर हो। साथ ही नहरों की सफाई, मरम्मत, टेल तक पानी की सुनिश्चित आपूर्ति, घग्गर ड्रेन की समस्या का स्थायी समाधान और किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराई जाए। धरने पर मौजूद किसानों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह लड़ाई केवल पानी की नहीं, बल्कि किसानों के अस्तित्व और खेती बचाने की है। जब तक उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक संघर्ष जारी रहेगा।

---

### बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट वाले वाहनों पर आज से सख्ती, होंगे इम्पाउंड : एएसपी

**हिसार।** पुलिस ने बिना हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट वाले वाहनों के खिलाफ सख्त अभियान चलाने का निर्णय लिया है। पुलिस ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि 28 जुलाई से जिलेभर में विशेष अभियान शुरू किया जाएगा, जिसके तहत बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट वाले वाहनों को मौके पर ही इम्पाउंड कर मोटर वाहन अधिनियम के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। सहायक पुलिस अधीक्षक मयंक मुदगिल ने बताया कि हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट केवल कानूनी औपचारिकता नहीं है, बल्कि वाहन की सटीक पहचान, अपराधों की रोकथाम और चोरी हुए वाहनों का शीघ्र पता लगाने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसके बावजूद कई वाहन चालक अब भी बिना एचएसआरपी के वाहन चला रहे हैं, जो कानून का स्पष्ट उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान जिले के सभी थाना क्षेत्रों, प्रमुख मार्गों और प्रवेश-निकास बिंदुओं पर विशेष नाकाबंदी कर वाहनों की जांच की जाएगी। जिस भी वाहन पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं मिलेगी, उसे तत्काल इम्पाउंड कर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब किसी भी प्रकार की लापरवाही या बहानेबाजी स्वीकार नहीं की जाएगी।

### हरियाणा स्टेट यूथ अंडर-18 एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए एंट्री 4 अगस्त तक

**हिसार।** लड़के और लड़कियों की 14वीं हरियाणा स्टेट यूथ अंडर-18 एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन 8 और 9 अगस्त स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी, सोनीपत में जिला एथलेटिक्स संघ, सोनीपत और एथलेटिक्स हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में किया जाएगा। इस चैंपियनशिप के पदक विजेता खिलाड़ी एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के निर्धारित मानकों के अनुसार यूथ नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगे। 21वीं यूथ नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन लुधियाना (पंजाब) में 1 से 3 सितंबर तक किया जाएगा।

स्टेट यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेने वाले इच्छुक खिलाड़ी 4 अगस्त तक एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर एंट्री भेज सकते हैं। ऑनलाइन एंट्री के अलावा किसी भी प्रकार की एंट्री को मान्यता नहीं मिलेगी।

---

**उपलब्धि** गर्भधारण सहायक पंजिका पर लुवास वैज्ञानिकों को मिला कॉपीराइट

## पशुओं में बांझपन की समस्या होगी दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) के वैज्ञानिकों ने पशुपालन क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। विश्वविद्यालय के पशु विज्ञान केंद्र, महेंद्रगढ़ के वैज्ञानिकों द्वारा तैयार की गई 'पशुओं में सफल गर्भधारण के लिए सहायक पंजिका' को भारत सरकार द्वारा आधिकारिक कॉपीराइट प्रदान किया गया है। यह कॉपीराइट संयुक्त रूप से डॉ. दविंदर सिंह, डॉ. ज्योति शुन्थ्वल, डॉ. आनंद कुमार पाण्डेय एवं डॉ. सुजॉय खन्ना को मिला है। इस उपलब्धि पर वैज्ञानिकों ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान अनुसंधान निदेशक डॉ. सुशीला मान तथा क्षेत्रीय निदेशक डॉ. दिनेश मित्तल भी उपस्थित रहे।



हिसार। लुवास कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा के साथ वैज्ञानिक की टीम। *फोटो : हरिभूमि*

#### किसानों की आय बढ़ाने में मददगार

कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा ने पूरी वैज्ञानिक टीम को बधाई देते हुए कहा कि किसानों की व्यावहारिक जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार की गई यह शोध-सामग्री डेयरी पशुपालन को नई दिशा देगी। विश्वविद्यालय का मुख्य उद्देश्य अनुसंधान के ज्ञान को सरल भाषा में पशुपालकों तक पहुँचाना है ताकि उनकी आय और उत्पादकता में वृद्धि हो सके।

#### 'सहायक पंजिका' की खासियत

यह पंजिका पशुपालकों, पशु चिकित्सकों और विद्यार्थियों के लिए एक 'स्टेप-बाय-स्टेप डिसीजन ट्री' के रूप में तैयार की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य दुधारू पशुओं में समय पर हीट में न आना और बार-बार गर्भाधान के बावजूद गर्भधारण न ठहरने जैसी गंभीर समस्याओं का वैज्ञानिक समाधान देना है।

#### ये हैं प्रमुख विशेषताएं

पशु के लक्षणों, स्वास्थ्य स्थिति, प्रजनन इतिहास और क्षेत्रीय परिस्थितियों के आधार पर सही निर्णय लेने में मदद करती है। इसमें साइलेंट हीट की पहचान, कृत्रिम गर्भाधान का सही समय, असामान्य स्राव का प्रबंधन, संतुलित पोषण और मिनरल सप्लीमेंटेशन की जानकारी शामिल है। यह पंजिका गर्भाधान की सफलता दर बढ़ाकर पशुपालकों के समय और पैसों के नुकसान को बचाएगी।

---

### पीरांवाली में 2000 लीटर लाहन नष्ट शराब बनाने का सामान किया बरामद

**हिसार।** विशेष अभियान के तहत स्वेट टीम-2 ने गांव पीरांवाली में कार्रवाई करते हुए अवैध शराब बनाने के अड्डे का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके पर लगभग 2000 लीटर कच्चा लाहन नष्ट किया तथा शराब बनाने में प्रयुक्त सामान को कब्जे में लेकर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार स्वेट टीम-2 को गुप्त सूचना मिली थी कि गांव में सुखविंदर उर्फ सुखा अवैध रूप से शराब तैयार कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने उसके ठिकाने पर छापेमारी की। मौके से अवैध शराब बनाने में प्रयुक्त भट्ठी, शराब तैयार करने का सामान, खाली कैन, तीन ड्रम तथा एक होदी में भरा लगभग 2000 लीटर कच्चा लाहन बरामद हुआ। पुलिस ने मौके पर ही लगभग 2000 लीटर कच्चे लाहन को नष्ट कर दिया तथा अवैध शराब बनाने में प्रयुक्त सभी सामान को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई की गई। आरोपी मौके से फरार मिला, जिसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।

#### होदी में भरा रखा था लाहन



हरिभूमि
रोहतक, मंगलवार
28 जुलाई 2026

# सहेली



स्पेशल
फ्रेंडशिप-डे, 2 अगस्त

# साझी खिलखिलाहटों का प्यारा रिश्ता

जिंदगी की डगर में अगर सहेलियां साथ हों तो रास्ता आसान हो जाता है। लड़खड़ाने पर वे हमें संभालती हैं, भटकने पर सही राह दिखाती हैं। ये सहेलियां ही होती हैं, जिनसे हर बात बेहिचक साझा की जा सकती है, सलाह ली जा सकती है। हमें असली खुशी सहेलियों के बीच ही मिलती है। सहेलियां हैं तो जिंदगी में बहार है।

कवर स्टोरी
**डॉ. मोनिका शर्मा**

महिलाओं के लिए सहेलियों से जुड़ा भाव-चाव बहुत आत्मीय होता है। ऐसा स्नेहपूर्ण संबंध, जो सुख-दुःख में साथ देने वाला ही नहीं, बिना औपचारिकता के मन की सुनने का कोना भी बनता है। जो अपनों से भी नहीं कहा जाता, वह सखियों से कहा जाता है। पीड़ा की जो पोटली सगे-संबंधियों के समक्ष नहीं खोली जाती, वह किसी सहेली के आगे सहजता से खुल जाती है। सुखद यह भी है, कभी सहेलियों से सही सलाह मिलती है तो कभी भावनात्मक सहारा, दोनों ही बातें मानवीय जीवन को मजबूती देने वाली बुनियाद बनती हैं।

## हर सुख-दुख सखियों के साथ साझा

स्त्रियां मायका हो या ससुराल, वे मन की बात खुलकर नहीं कह पातीं। एक तयशुदा शिष्टाचार कुछ कहने ही नहीं देता। कह दें तो ग्लानि और अपराधबोध आ घेरता है। उनकी क्या छवि बनेगी। यह सोचकर ही पछतावा होने लगता है। फ्रेंड्स के सामने महिलाओं को इस अनकहे से प्रोटोकॉल से नहीं जूझना पड़ता। तभी तो सखियों के सामने दुःख आंखों से बह निकलता है। सुख की मुस्कुराहटें सहजता से साझी हंसी बन जाती हैं। बिना किसी मलाल के सच्ची भावनाएं साझा करने से ही समय के साथ यह रिश्ता और गहरा होता है। आपसी विश्वास बढ़ता है। असल में देखा जाए तो भावनाओं का खुला आदान-प्रदान ही मित्रता की सच्ची पूंजी है। महिलाओं के लिए तो फ्रेंडशिप का यह संचित धन और भी महत्वपूर्ण है। यह स्त्रीमन की संवेदनाओं को साझा करने का ऐसा सुरक्षित कोना है, जहां बिना अपराधबोध के अनुभूतियों का सच बताया जा सके।



## संकट से जूझने की शक्ति



हर संकट में साथ देने वाली सहेलियां टूटते-बिखरते मन को संभाल लेती हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया के शोधकर्ताओं ने एक अध्ययन में पाया कि जिन महिलाओं को तनावपूर्ण हालातों में सखियों का साथ मिलता है, उनका जीवन अकेले चुनौतियों से जूझने वाली महिलाओं की तुलना लंबा होता है। सखियों का साथ हर परिस्थिति में मनोबल मजबूत करता है। देखने में आता है कि घर-परिवार में संकट के समय भी महिलाओं को आरोप-प्रत्यारोप झेलने पड़ते हैं। किसी सुखद अवसर पर भी मीनमेख निकालने की प्रवृत्ति दिखती है। कुछ नया करने पर अजीब-सी सलाहें दी जाती हैं, सफलता को लेकर आशंका जताई जाती है। जबकि सहेलियां इमोशनल फ्रंट पर हालातों को समझती हैं। सखियां बस चुपचाप साथ देती हैं। हर हाल में अपनी मौजूदगी का एहसास कराती हैं। साइकोसोमेटिक मेडिसिन मैगजीन में छपे अध्ययन के मुताबिक स्त्रियां बिना कोई सलाह दिए एक-दूसरे की बातें सुनती हैं। सकारात्मक भावों से भरा यह व्यवहार तकलीफदेह हालातों से जूझ रही स्त्री को बहुत संबल देता है। समझना मुश्किल नहीं, जब कोई महिला मित्र यूं साथ देती है तो जिंदगी के हर पहलू पर सकारात्मक असर पड़ता है।

जिंदादिल जिंदगी की संगी-सखियों के साथ अपनी कमजोरियां स्वीकार करने में भी संकोच नहीं होता। सामाजिक-पारिवारिक जीवन में बहुत सी भूमिकाएं निभाती स्त्रियों को 'जैसी हूं वैसी हूं और खुश हूं' के भाव को जीने का मौका केवल सहेलियों के साथ ही मिलता है। यह स्वीकार्यता मनोभावों को जीवंत बनाती है। बिना किसी दबाव के सहज रूप से एक-दूसरे की परवाह करने के चलते ही इस रिश्ते की बॉन्डिंग मजबूत होती है। इसी कनेक्ट से बहुत सकारात्मक और सुरक्षित महसूस होता है। हर परिस्थिति में खिलखिलाहट बिखेरने वाली सहेलियां एक-दूसरे की सबसे बड़ी चीयरलीडर कही जाती हैं। हंसी-खुशी और ऊर्जा से भरा सखियों का साथ जीवन को नीरस होने से बचाता है। हालिया बरसों में महिलाएं अब सहेलियों के साथ ग्रुप ट्रैवल भी करने लगी हैं। अपना शहर हो या कोई दूर-दराज का पर्यटन स्थल, ऐसी आउटिंग उन्हें हौसला देती है। सखियों के साथ के भरोसे पर ही महिलाएं आम जीवन की जद्दोजहद से दूर यूं जिंदादिली के साथ जीवन जीने की राह चुनने लगी हैं।

## आत्म-सम्मान का आधार

सहेलियों का साथ केवल हंसी-मजाक या घूमने-फिरने तक ही सीमित नहीं होता। एक-दूसरे के मन को मजबूती देने वाली सखियां सही मायने में स्त्री सशक्तिकरण को भी बल देती हैं। डर या आशंका के बजाय आत्मसम्मान के भाव को पोसती हैं। गलती होने पर फिर उठ खड़े होने के लिए सहारा देने को हाथ आगे बढ़ाती हैं। सहेली की सफलता पर सच्ची प्रशंसक बनती हैं। यह जुड़ाव सचमुच असाधारण है, जो स्त्रियों को अपने अस्तित्व से प्रेम करना सिखाता है। अपने भीतर छिपी योग्यता को निखारने की राह सुझाता है। बिना किसी स्वार्थ के एक-दूसरे का समर्थन करते हुए खुद अपने जीवन-अपने सपनों का मोल समझने की भावना को पोसता है। सबसे अहम यह है कि ऐसी हर बात स्त्रियों के आत्म-सम्मान और आत्मविश्वास का पक्का आधार बनाती है। उनके जीवन में खुशियां बिखेरती हैं।

# महिलाओं की फ्रेंडशिप को व्हाट्सएप ग्रुप दे रहा नई पहचान

तकनीक का इस्तेमाल केवल जीवनशैली को ही नहीं हमारे आपसी संबंधों को भी प्रभावित कर रहा है, उसे नई दिशा दे रहा है। व्हाट्सएप ग्रुप ऐसी ही सुविधा है, जो महिलाओं की दोस्ती को प्रगाढ़ बना रही है, उसे नए आयाम दे रही है।

टेक्नो लाइफ
**नम्रता नदीम**



महिलाओं की फ्रेंडशिप को एक समय तक गली-मुहल्ले की बैठकों, रिश्तेदारों से मिलने या किट्टी पार्टियों-त्योहारों पर होने वाले मेल-मिलाप तक ही सीमित माना जाता था। लेकिन अब सिनेरियो बिल्कुल बदल गया है। आज के दौर में टीनएज, यंगएज से लेकर मिडएज तक की महिलाओं की आपसी दोस्ती नए रूप में सामने आ रही है। इसे आगे बढ़ाने और हाईटेक बनाने में व्हाट्सएप ग्रुप का बड़ा और महत्वपूर्ण योगदान है।

**शेयरिंग का नया अंदाज:** व्हाट्सएप ग्रुप में महिलाएं आपस में भावनात्मक अनुभवों को साझा करती हैं। एक-दूसरे से सलाह लेती-देती हैं। अपनी रेसिपी दूसरों को बताती हैं और दूसरों द्वारा बताई गई रेसिपी को आजमाने की कोशिश करती हैं। रेसिपी बनाने या अपने किसी नए अनुभव को साझा भी करती हैं। अपनी व्यक्तिगत उपलब्धियां, स्वास्थ्य संबंधी जानकरियां, ये सब व्हाट्सएप ग्रुप में उनके द्वारा खूब शेयर किए जाते हैं। कहने का मतलब है कि व्हाट्सएप ग्रुप ने हर उम्र की महिलाओं के लिए एक नई दुनिया रच दी है।



**बदला दोस्ती का स्वरूप:** आज के डिजिटल दौर में दोस्ती केवल मिलने-जुलने तक सीमित नहीं होती है। सोशल मीडिया, उसमें भी सबसे ज्यादा व्हाट्सएप ग्रुप में सुबह की शुभकामना से लेकर रात की बातचीत तक दिन भर कोई न कोई इंगेजमेंट बनी ही रहती है। फैमिली, ओल्ड फ्रेंड्स, कॉलोनी या सोसाइटी, ऑफिस कुलीग्स, योगा क्लासमेट्स, किट्टी ग्रुप या बुक क्लब, अपनी सहूलियत के हिसाब से महिलाएं भी अलग-अलग व्हाट्सएप ग्रुप में एक्टिव रहती हैं। इन ग्रुप्स ने महिलाओं की दोस्ती का दायरा ही नहीं बढ़ाया बल्कि उनके स्वरूप को भी बदला है।

**कम हुआ है अकेलापन:** संबंध विशेषज्ञों के मुताबिक व्हाट्सएप ग्रुप में डिजिटल संवाद काफी हद तक महिलाओं में अकेलेपन की भावना को कम करने में अहम भूमिका निभा रहा है। हालांकि देखने में यह भी आया है कि डिजिटल इंगेजमेंट ने एक-दूसरे से मिलने की संभावना को कम किया है। लेकिन इसके जरिए अपनी तरह की सोच-समझ रखने वाली महिलाओं के बीच जरूर महिलाओं की पहुंच बढ़ी है। क्योंकि व्हाट्सएप ग्रुप्स में लगभग सभी सदस्य एक-दूसरे को जानने वाले दोस्त होते हैं, इसलिए यह पूरी तरह से अभासी या अवास्तविक नहीं है।

**सोशल लाइफ का महत्वपूर्ण हिस्सा:** व्हाट्सएप ग्रुप्स की सबसे बड़ी उपयोगिता तो यह है कि इसके जरिए अपनी व्यस्त दिनचर्या के बावजूद, महिलाएं अपने दोस्तों से संपर्क बनाए रख पाती हैं। महिलाएं अपने ग्रुप से जुड़ी दूसरी महिलाओं को अपना नजदीकी ही समझती हैं। इसलिए छोटी से छोटी सूचनाएं भी साझा करती हैं और अपने लिए तथा दूसरों के लिए एक ऐसा सपोर्ट सिस्टम विकसित करती हैं, जिससे बीमारी, तनाव, बच्चों की पढ़ाई, रिश्तों की समस्याएं या किसी खास उपलब्धि की खुशी को आपस में बांटने का भरपूर सुख हासिल कर पाती हैं। महिलाओं की सोशल लाइफ के लिए व्हाट्सएप ग्रुप की फ्रेंडशिप महत्वपूर्ण रोल निभा रहे हैं।

**तीज-त्योहारों का सेलिब्रेशन:** त्योहारों और विशेष अवसरों में तो व्हाट्सएप ग्रुप की भूमिका और भी बढ़ जाती है। करवा चौथ, तीज जैसे त्योहारों में महिलाएं अपनी सखी-सहेलियों को डिजिटल शुभकामनाएं देने के साथ-साथ आपस में मिलकर सजावट करके, फैशन, मेहंदी डिजाइन और रेसिपी को एक-दूसरे से साझा करके सेलिब्रेशन का आनंद उठाती हैं। इससे आपस में केवल दोस्ती ही मजबूत नहीं होती बल्कि इससे सांस्कृतिक जुड़ाव भी मजबूत होता है।

आने वाले फ्रेंडशिप डे के मौके पर आप जरूर अपनी बेस्ट फ्रेंड को प्यारा सा, कोई यूनीक गिफ्ट देना चाहेंगी। इसीलिए हम यहां पर आपको कुछ डिफरेंट टाइप के गिफ्ट आइडियाज सजेस्ट कर रहे हैं। इनमें से कोई भी आप सेलेक्ट कर सकती हैं।

# अपनी बेस्ट फ्रेंड के लिए लवली गिफ्ट आइडियाज

सजेशन
**प्रतिभा अग्निहोत्री**



बहुत प्यारा और सबसे अलग होता है दोस्ती का रिश्ता। इस खूबसूरत रिश्ते को सेलिब्रेट करने के लिए आप जरूर फ्रेंडशिप डे पर अपनी दोस्त को यूनीक गिफ्ट देकर स्पेशल फील कराना चाहेंगी। अगर आप डिसाइड नहीं कर पा रही हैं कि अपनी बेस्ट फ्रेंड को क्या गिफ्ट दें तो आपकी हेल्प के लिए दे रहे हैं कुछ गिफ्टिंग आइडियाज-

**फीलिंग्स से भरे गिफ्ट्स:** खुद के साथ अपनी दोस्त की अब तक की जर्नी की खूबसूरत यादों के सुंदर-सुंदर फोटो का कोलाज बनवाकर उसको गिफ्ट कर सकती हैं। हाथ से बनी स्क्रैप बुक भी गिफ्ट करने के लिए एक बहुत बेहतरीन आइडिया है। इसके अलावा आप अपने दोस्तों के साथ की फोटोज को कस्टमाइज करके कुशन कवर, की-चेन, ब्रेसलेट, बेडशीट, कप और टी-शर्ट भी गिफ्ट कर सकतीं हैं। कस्टमाइज करवाते समय आप अपनी फोटो के साथ किसी यादगार पल की कोई खास डेट भी लिखवा सकतीं हैं, जिससे आप दोनों की यादें तरोताजा हो जाएंगी। आप अपनी दोस्त को एक खूबसूरत से पेज पर पत्र लिखकर दे सकती हैं, जिसमें आप उनके प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के साथ-साथ वे आपके लिए क्या महत्व रखतीं हैं इसे भी लिखें। यह तोहफा बाजार से खरीदे गए तोहफों की अपेक्षा उनके लिए बहुत कीमती होगा।



**यूजफुल गिफ्ट्स:** अगर आपके दोस्त को लिखने, नोट्स बनाने का शौक है तो एक बहुत अच्छी क्वालिटी की लेदर डायरी या फिर स्मार्ट नोटबुक भी अच्छा विकल्प हो सकता है। पढ़ने की शौकीन दोस्त के लिए विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं के सब्सक्रिप्शन भी उपहार में दिए जा सकते हैं, इससे वे एक दिन ही नहीं पूरे वर्ष अपनी दोस्ती को याद करती रहेंगी। प्रीमियम पेन सेट या उनकी पसंद की कुछ बुक्स भी गिफ्ट कर सकती हैं। यदि वह मूवीज की शौकीन हैं तो आप उन्हें डिजिटल प्लेटफार्म सब्सक्रिप्शन भी उपहार में दे सकतीं हैं।




**डेकोरेटिव गिफ्ट्स:** एगलोनिमा, एरिका पाम, क्रोटन जैसे पौधों को बहुत सुंदर से गमले में रखकर गिफ्ट दे सकती हैं। इस डिफरेंट गिफ्ट से उनका मन खुश हो जाएगा। पौधे घर में पॉजिटिविटी तो लाते ही हैं, साथ ही घर की खूबसूरती में भी चार चांद लगा देते हैं। टी कॉफी गिफ्ट हैंपर, सेंटेड कैंडल्स भी गिफ्ट करने के लिए बहुत अच्छे विकल्प हैं। यूं तो इस अवसर पर बाजार में कई तरह के फ्रेंडशिप बैंड्स भी मिलते हैं पर आप अपने हाथ से बैंगल्स पर रेशमी धागा लपेटकर या फिर क्रोशिए और सितारों से सजाकर फ्रेंडशिप बैंड बनाकर अपनी फ्रेंड को गिफ्ट कर सकती हैं, यकीन मानिए उनका दिल खुश हो जाएगा।

चॉकलेट गिफ्ट हैंपर या अपनी फ्रेंड की फेवरेट डिश के ऑनलाइन गिफ्ट से आप उन्हें सरप्राइज दे सकतीं हैं।

**रखें ध्यान:** अपनी फ्रेंड के लिए गिफ्ट लेते समय दोस्त की पसंद के साथ कुछ बातों का ध्यान रखना अत्यधिक आवश्यक है।


- गिफ्ट को बहुत सुंदर से गिफ्ट पेपर में रैप करके गिफ्ट करें इससे गिफ्ट की खूबसूरती और अधिक बढ़ जाती है।
- गिफ्ट चुनते समय अपनी दोस्त की भावनाओं का ध्यान रखें।
- यदि आप ऑनलाइन कोई उपहार मंगवा रही हैं तो उसका टैग न निकालें ताकि यदि वे एक्सचेंज करना चाहें तो आराम से किया जा सके।

# ऑयली स्किन के लिए अपनाएं ईजी होम रेमिडीज

स्किन केयर
**ललिता गोयल**

मानसून के मौसम के साथ आने वाली उमस के कारण स्किन ऑयली हो जाती है, जिससे चेहरे पर बार-बार पसीना और गंदगी जमा होने लगती है। इसका नतीजा पिंपल्स, डल स्किन, खुजली जैसे समस्याएं होने लगती हैं और चेहरे का नेचुरल ग्लो कही खो जाता है। ऐसे में समझ नहीं आता कि चेहरे को ऑयल-फ्री और ग्लोइंग रखने के लिए क्या किया जाए? यहां कुछ ऐसे असरदार तरीकों के बारे में जानते हैं, जिनकी मदद से स्किन को मानसून में भी फ्रेश और ग्लोइंग रखा जा सकता है।

**कच्चा दूध:** मानसून की चिपचिपाहट और टैनिंग से निपटने के लिए कच्चा दूध सबसे सुरक्षित घरेलू उपाय है। हाथों और चेहरे को अच्छी तरह साफ करके ताजे कच्चे दूध में एक साफ कॉटन पैड को डुबोएं और हल्के हाथों से सर्कुलर मोशन में चेहरे की मसाज करते हुए लगाएं। इसे 10 से 15 मिनट के लिए चेहरे पर लगाकर छोड़ दें और फिर गुनगुने पानी से धो लें। इसके बाद रेगुलर मॉयश्चराइजर लगा लें। इससे त्वचा को गहराई से नमी मिलती है और त्वचा की रंगत भी साफ होती है।



**खीरे का रस:** मानसून में खीरे का रस स्किन पर लगाने से न सिर्फ स्किन ठंडी और हाइड्रेट रहती है बल्कि यह एक्ने और पिंपल्स की समस्या को भी कम करता है। दिन में एक बार खीरे का रस कॉटन की मदद से चेहरे पर लगाएं और उसे 10 मिनट बाद ठंडे पानी से धो लें।

**एलोवेरा जैल:** एलोवेरा जैल के कूलिंग और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण स्किन को हाइड्रेट करने और सूजन को कम करने में भी मदद करते हैं।

**मुल्तानी मिट्टी:** मुल्तानी मिट्टी में थोड़ा-सा गुलाब जल मिलाकर हफ्ते में दो बार चेहरे पर लगाने से स्किन पर जमी गंदगी साफ होती है। यह स्किन से एक्स्ट्रा ऑयल को सोख कर स्किन को टाइट और ब्राइट करता है।



**पपीता:** मानसून में पपीते का पेस्ट चेहरे पर लगाने से स्किन की डेड सेल्स हटती है, हाइड्रेशन भी बना रहता है और रंगत भी निखरती है।

**रखें ध्यान:** इन बातों का भी ध्यान रखें-

- मानसून में भी चेहरे पर हल्का मॉयश्चराइजर और जैल बेस्ड क्रीम का इस्तेमाल करें ताकि स्किन हाइड्रेट रहे।
- चेहरा धोने के बाद एक कॉटन पैड में थोड़ा-सा गुलाब जल लें और हल्के हाथों से चेहरे पर लगाएं। यह त्वचा के पीएच लेवल को बैलेंस करता है।

**(ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू माहेश्वरी से बातचीत पर आधारित)**

मेडिकल एडवाइस
**विनीता**

स्पेशल: वर्ल्ड ब्रेस्ट फीडिंग वीक, 1-7 अगस्त

मां का दूध नवजात शिशु के लिए सर्वोत्तम आहार होता है। लैक्टेशन पीरियड यानी ब्रेस्ट फीड कराने की अवधि मां और बच्चे दोनों के लिए महत्वपूर्ण होती हैं। इस दौरान कैसी हो मांओं की डाइट, यह जानना बहुत जरूरी है।

# फीडिंग पीरियड में मांएं डाइट का रखें पूरा ध्यान

जन्म के बाद शिशु को मां के दूध से पर्याप्त पोषण मिले, इसके लिए यह बहुत जरूरी है कि मां खुद भी स्वस्थ रहें और अपनी डाइट पर पूरा ध्यान दें। जब मां का शरीर स्वस्थ रहता है तो इससे उसके ब्रेस्ट में पर्याप्त मात्रा में दूध की मात्रा भी बढ़ती है और इससे शिशु का विकास सही ढंग से होता है। शिशु को फीड कराने वाली महिलाओं को प्रतिदिन 5000 अतिरिक्त कैलोरी की जरूरत होती है। आमतौर पर इस दौरान उनका वजन थोड़ा बढ़ जाता है, लेकिन यह सामान्य है। इस दौरान अच्छी सेहत और फिटनेस के लिए संतुलित आहार अपनाएं, नियमित वॉक करें और एक्सपर्ट की सलाह पर हल्की-फुल्की एक्सरसाइज भी करें।

**क्या खाएं:** फीड कराने वाली मांओं को अपनी डाइट में इन्हें शामिल करना चाहिए।

- अपनी डाइट में तरल पदार्थों की मात्रा बढ़ाएं। रोज लगभग 8-10 ग्लास पानी, शिकंजी, सूप और छाछ आदि पिएं।
- अपनी डाइट में प्रोटीन की मात्रा भी बढ़ाएं। इसके लिए हर तरह की दालें, पनीर, सोयाबीन स्प्राउट्स, नट्स जैसे-पिस्ता, अखरोट और बादाम आदि का संतुलित मात्रा में सेवन करें। अगर नॉन-वेजिटेरियन हैं तो अंडा, चिकन और ताजे पानी की मछली का सेवन करें।



- लैक्टेशन पीरियड के दौरान इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने के लिए विटमिन-सी युक्त फलों का पर्याप्त मात्रा में सेवन करें। इसके लिए आप संतरा, सेब, आंवला, नीबू के अलावा सभी मौसमी फलों का सेवन कर सकती हैं।
- डिलीवरी के बाद पहले महीने में महिलाओं को ज्यादा कैलोरी की जरूरत होती है, जिसकी पूर्ति के लिए अधिकतर परिवारों में पारंपरिक रूप से नई मां के लिए घर पर हल्दी-सोंठ का हलवा और ड्राई फ्रूट्स मिलाकर पंजीरी के लड्डू बनाए-खिलाए जाते हैं। हल्दी में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट तत्व मां को इंफेक्शन से बचाने में मददगार साबित होते हैं। अन्य पौष्टिक तत्वों की वजह से रिकवरी तेजी से होती है और दूध की मात्रा भी बढ़ती है।



**क्या न खाएं:** लैक्टेशन पीरियड में मांओं को कुछ फूड्स से परहेज रखना चाहिए।

- ज्यादा मैदा, घी-तेल और मिर्च-मसाले से दूर रहें।
- डिब्बाबंद प्रोसेस्ड फूड मां और शिशु दोनों के लिए नुकसानदेह हो सकते हैं।
- खुले में बिकने वाली चाट-पकौड़ी, समोसा, चाउमीन, मोमोज जैसी चीजों से स्टमक इंफेक्शन का खतरा बढ़ता है।
- फ्रूट्स जूस न पिएं क्योंकि इससे फलों में मौजूद फाइबर नष्ट हो जाते हैं, जो पाचनतंत्र के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं, इसलिए बेहतर यही होगा जूस लेने के बजाय फलों का सेवन करें।
- अगर प्रेग्नेंसी के दौरान डायबिटीज रही हो, तो चीनी के बजाय गुड़ से बनी चीजों का सेवन करें और खानपान के मामले में डॉक्टर के सभी निर्देशों का पालन करें।

**(मेदांता हॉस्पिटल गुरुग्राम की सीनियर डाइटीशियन डॉ. संध्या पांडे से बातचीत पर आधारित)**

## खबर संक्षेप

### चेक बाउंस मामले में पीओ गिरफ्तार

**हांसी।** विशेष अभियान के तहत थाना शहर हांसी पुलिस ने चेक बाउंस के मामले में पीओ को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान ढाणी कुतुबपुर निवासी वेद व्यास के रूप में हुई है। एएसआई मुकेश कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी के खिलाफ चेक बाउंस का मामला एसडीजेएम आशुतोष कुमार, उप मंडल न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में विचाराधीन था और आरोपी लंबे समय से न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था। इस पर अदालत ने 17 जुलाई को पीओ घोषित किया गया था। पुलिस अदालत के आदेश पर शहर थाना मू आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया है।

### सट्टा खाईवाली करते एक काबू, 14,100 रुपये बरामद

**हांसी।** सीआईए-1 हांसी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नई ऑटो मार्केट से सट्टा खाईवाली करते एक आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पीएसआई कपिल देव ने बताया कि गश्त के दौरान सूचना मिली कि नई ऑटो मार्केट में एक व्यक्ति अवैध रूप से सट्टा लगवा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर भिवानी जिले के गांव जीतपुरा प्रवीन को रंगे हाथ गिरफ्तार कर तलाशी के दौरान आरोपी के पास से सट्टा पर्चियां, एक बॉल पेन तथा 14,100 रुपये नकद बरामद हुए।

### भंडारे में रोजाना आ रहे हजारों अमरनाथ यात्री

**हिसार।** शिव सेवक मंडल ट्रस्ट की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अमरनाथ बाबा का 15वां विशाल भंडारा पंथा चौक, श्रीनगर जम्मू कश्मीर में 3 जुलाई से सुचारु रुप से चल रहा है। हिसार के दर्जनों सेवादार अमरनाथ यात्रियों की सेवा में 24 घंटे लगे हुए हैं। मंडल के प्रधान डॉ. महिपाल मुंजाल व सेवादार जगदीश रहेजा ने बताया कि भंडारे में रोजाना लगभग डेढ़ से दो हजार श्रद्धालु भोजन ग्रहण कर रहे हैं। भंडारे में डॉ. महिपाल मुंजाल के साथ जगदीश रहेजा, शालू नागपाल, बॉबी मल्होत्रा, पं. नरेन्द्र शर्मा, विपिन, श्रवण पाहवा, सुनील कटारिया, प्रवीन वर्मा, दर्शन रहेजा, एडवोकेट कुलभूषण बंसल, चिराग सरदाना, रवि मेहता एडवोकेट सहित दर्जनों सेवादार दिन-रात सेवा कर रहे हैं।

### 29 को धूमधाम से मनाई जाएगी गुरु पूर्णिमा

**हिसार।** परमहंस श्रीयोग दरबार ब्रह्म ज्ञान मंदिर, शांति नगर में 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। मंदिर के प्रवक्ता ने बताया कि इस अवसर पर संत रामानंद महाराज के सान्निध्य में पिछले 68 दिनों से चल रही तीर्थ यात्रा की सम्पूर्णता की जाएगी। इस उपलक्ष्य में प्रातः 5 से 6 बजे तक परिक्रमा की जाएगी। इसके बाद गुरु पूजन होगा। साथ ही संकीर्तन किया जाएगा जो 10 बजे तक चलेगा। आरती के पश्चात विशाल भंडारा किया जाएगा।

### स्पर्धा में बच्चों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा

**हिसार।** अणुव्रत समिति की ओर से अणुव्रत क्रिएटिविटी कॉन्टेस्ट के अंतर्गत विभिन्न रचनात्मक एवं प्रेरणादायी गतिविधियों का आयोजन किया गया। वर्ष 2026 के इस प्रतियोगिता का मुख्य विषय 'हमारी ताकत-हमारा परिवार' रखा गया, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों में पारिवारिक मूल्यों, नैतिक संस्कारों तथा रचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया गया। ड्राइंग प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में माही एवं दिव्या ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि जूनियर वर्ग में मानसी प्रथम रही। वहीं भाषण प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में प्रिया ने प्रथम स्थान हासिल किया।

### कृषि यंत्रों की अनुदान प्रक्रिया पर रोक

**हिसार।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के निदेशालय के आदेशों के तहत हिसार एवं हांसी जिले में आरकेवीवाई के एसएमएएम घटक के अंतर्गत कृषि यंत्रों एवं मशीनों की अनुदान प्रक्रिया पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। मामले की जांच के लिए जिला स्तर पर एक कमेटी का गठन किया गया है। यह जानकारी देते हुए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सहायक कृषि अभियंता गोपीराम सांगवान ने बताया कि निदेशालय के निर्देशानुसार गठित इस कमेटी की अध्यक्षता उप कृषि निदेशक करेंगे।

## बिजली कर्मियों का बड़ा ऐलान: 11 से 13 अगस्त तक राज्यस्तरीय हड़ताल

# कृषि वितरण निगम व गुरुग्राम-नूंह में पैरेलल लाइसेंस का करेंगे विरोध

चारों प्रमुख यूनियनों ने मिलाया हाथ, कल से शुरू होगा चरणबद्ध आंदोलन, स्मार्ट मीटरिंग का भी विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

प्रदेश सरकार द्वारा 15 अगस्त से नया कृषि वितरण निगम बनाने, गुरुग्राम-नूंह में पैरेलल लाइसेंस जारी करने और स्मार्ट मीटर योजना के विरोध में राज्यभर के बिजली कर्मचारियों एवं इंजीनियरों ने लड़ाई का बिगुल बजा दिया है। विद्युत सदन कम्युनिटी सेंटर में आयोजित राज्यस्तरीय केंद्रीय कमेटी की बैठक में 11, 12 और 13 अगस्त को तीन दिवसीय प्रदेशव्यापी हड़ताल करने का आधिकारिक ऐलान किया गया। बैठक की अध्यक्षता राज्य प्रधान सुरेश राठी ने की तथा मंच संचालन महासचिव राजेंद्र राणा ने किया। बैठक में ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन, एचएसईबी वर्कर यूनियन (हेड ऑफिस भिवानी), ऑल हरियाणा अनुसूचित जाति/पिछड़ा वर्ग यूनियन और हरियाणा पावर इंजीनियर एसोसिएशन ने एकजुट होकर हरियाणा बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर संयुक्त संघर्ष मोर्चा का गठन किया।

### किसानों, कर्मचारियों और उपभोक्ताओं पर पड़ेगा बुरा असर: देवेंद्र हुड्डा

संयुक्त संघर्ष मोर्चे के चेयरमैन देवेंद्र हुड्डा ने बैठक में निजीकरण की नीतियों से होने वाले नुकसान के बारे में विस्तृत जानकारी रखी। उन्होंने कहा कि सरकार 15 अगस्त को नए एग्री डिस्कॉम का नोटिफिकेशन जारी करने की तैयारी में है। इससे किसानों और आम उपभोक्ताओं को मिलने वाली रियायती बिजली महंगी हो जाएगी और सब्सिडी भी खत्म होने का खतरा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार पूंजीपतियों के दबाव में फायदे में चल रहे गुरुग्राम और नूंह को निजी हाथों में सौंपकर दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम की रीढ़ तोड़ना चाहती है।

### ये रहे मौजूद

सर्व कर्मचारी संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जरनेल सिंह, राज्य कैशियर सुरेंद्र यादव, शब्बीर अहमद, संदीप सहारण, सुदामपाल मान, पूनम कुंडू, सूबेसिंह कादियान, बाबूलाल, राजेश सांगवान, सतीश जांगड़ा, दिलीप सोनी, संजीव ढांडा, विष्णु बिश्नोई सहित कई पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### इस तरह रहेगा आंदोलन का कार्यक्रम

| | |
|---|---|
| 29 जुलाई : | पूरे प्रदेश में अधीक्षण अभियंताओं के कार्यालयों पर प्रदर्शन कर उपायुक्तों के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। |
| 3 से 5 अगस्त : | यूनिट स्तर पर किसानों और उपभोक्ताओं के साथ मिलकर विरोध प्रदर्शन व कन्वेंशन आयोजित होंगे। |
| 6 से 8 अगस्त : | सभी सब-डिविजनों पर प्रदर्शन कर जनता को जागरूक किया जाएगा। |
| 10 अगस्त : | किसान मोर्चा और ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर राष्ट्रीय स्तर के प्रदर्शन में भागीदारी। |
| 11 से 13 अगस्त : | पूरे प्रदेश में तीन दिवसीय पूर्ण हड़ताल। |

### कर्मचारियों की मुख्य मांगें

- नया कृषि वितरण निगम बनाने की योजना तुरंत रद्द हो।
- स्मार्ट मीटरिंग और निजी लाइसेंसी योजना पर रोक लगे।
- सभी कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए और पुरानी पेंशन योजना बहाल हो।
- जोखिम भत्ता लागू किया जाए व खाली पड़े पदों पर पक्की भर्ती हो।
- रिटायर्ड कर्मचारियों को मेडिकल भत्ता और बिलों का भुगतान किया जाए।
- एक्स-ग्रेसिया नीति से शर्तें हटाई जाएं और पदों का पुनर्गठन हो।



हिसार। गुरु पूर्णिमा महोत्सव में उपस्थित स्वामी नारायणाचार्य महाराज व श्रद्धालुगण।

## गुरु की महिमा कभी भुलाई नहीं जा सकती: स्वामी नारायणाचार्य

- गुरु के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए तिरुपति बालाजी धाम में मनाया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

अज्ञानता का अंधकार मिटाकर ज्ञान का प्रकाश भरने वाले गुरु के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए तिरुपति बालाजी धाम में चरण पादुका पूजन व गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। परम पद प्राप्त अनंत विभूषित जगदगुरु त्रिदंडी जीयर स्वामी देवनारायणाचार्य महाराज को पुष्पांजलि अर्पित करने के उपरांत चरण पादुका पूजन के साथ महोत्सव की शुरूआत की गई। नवनियुक्त अभिनव उत्तराधिकारी अनंत विभूषित स्वामी नारायणाचार्य महाराज के सान्निध्य में आयोजित किए गए महोत्सव में गुरु महिमा के बारे में विस्तार से बताया गया।

स्वामी नारायणाचार्य महाराज ने श्रद्धालुओं को समझाया कि गुरु का सदैव सम्मान करना चाहिए क्योंकि धर्मसम्मत व सदमार्ग दिखाने वाले गुरु की महिमा अपरम्पार है, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि गुरु केवल धार्मिक ज्ञान नहीं देता बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में मार्गदर्शन करता है। सच्चा गुरु अपने शिष्य को चरित्रवान बनने की शिक्षा देते हुए उसके व्यक्तित्व को निखारने में मदद करता है।

तिरुपति धाम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव में विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालुओं ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं में सात्विक गोष्ठी प्रसाद का भी वितरण किया गया। इस दौरान भक्तों ने धाम में स्थापित भगवान वेंकटेश, माता पदमावती व माता गोदांबा के मुख्य मंदिरों के दर्शन किए।

## कार्यशाला में शिक्षकों को जीवन कौशल विकसित करने के सिखाए गुर

**हांसी।** सिसाय रोड़ स्थित हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सोमवार को सीबीएसई के तत्वावधान में कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम (सीबीपी) के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य विषय लाइफ स्किल्स रहा, जिसमें शिक्षकों को विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और जीवन प्रबंधन से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षक नीलम शर्मा एवं पूजा मित्तल ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में केवल अकादमिक ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में जीवन कौशल का विकास भी उतना ही आवश्यक है। प्रशिक्षकों ने विभिन्न गतिविधियों, समूह चर्चा, उदाहरणों और सहभागितापूर्ण अभ्यासों के माध्यम से शिक्षकों को जीवन कौशल विकसित करने की प्रभावी शिक्षण विधियों से अवगत कराया। कार्यशाला के दौरान विद्यालय के शिक्षकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों के ज्ञान, दक्षता और शिक्षण कौशल को निरंतर समृद्ध करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित शिक्षक ही विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ जीवन मूल्यों का प्रभावी मार्गदर्शन दे सकते हैं।



हांसी। प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लेते हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल के शिक्षक।

## श्री गुरु रविदास के समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प

- 'श्री गुरु रविदास समरस संकल्प अभियान' के तहत भाजपा कार्यालय में हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भाजपा के 'श्री गुरु रविदास समरस संकल्प अभियान' के तहत जिला कार्यालय में विशेष जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ की अध्यक्षता में हुई इस कार्यशाला का उद्देश्य संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी के समरसता, समानता और सामाजिक एकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने तथा सामाजिक समावेशिता के संकल्प को मजबूत करना रहा।



हिसार। कार्यशाला में उपस्थित अतिथि और अन्य पार्टीजन। फोटो : हरिभूमि

कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में नलवा विधायक रणधीर पनिहार, पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता व मेयर प्रवीण पोपली ने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि संत श्री गुरु रविदास जी ने समाज को जाति-पांति और भेदभाव से ऊपर उठकर समानता, भाईचारे और मानवता का संदेश दिया। उनके विचार आज भी सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर चलने तथा सामाजिक सद्भाव को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

## न्यूज डायरी

### न्यायिक परिसर में मेयर ने किया पौधरोपण



**हिसार।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प को मजबूत करते हुए न्यायिक परिसर में नगर निगम हिसार के मेयर प्रवीण पोपली ने पौधारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। अधिक से अधिक पौधे लगाकर और उनका संरक्षण करके ही आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जा सकता है।इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन, हिसार के प्रधान एडवोकेट प्रदीप बाजिया, उप प्रधान एडवोकेट राहुल सिंह, सचिव एडवोकेट समीर सिहाग, सहसचिव एडवोकेट साहिल मँडेरना तथा कोषाध्यक्ष एडवोकेट आशा बाल्यान सहित अधिवक्तागण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिवक्ताओं एवं गणमान्य व्यक्तियों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए अधिक से अधिक पौधारोपण करने तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का संदेश दिया।

### सांस्कृतिक सप्ताह में बही देशभक्ति की धारा




**हिसार।** भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा की ओर से एक सप्ताह तक आयोजित सांस्कृतिक सप्ताह का समापन देशभक्ति और सेवा भावना से ओत-प्रोत कार्यक्रमों के साथ हुआ। पूरे सप्ताह शाखा द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, गौसेवा, समाजसेवा तथा राष्ट्रभक्ति को समर्पित विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। शाखा महिला संयोजिका डॉली जैन ने बताया कि परिषद के पंचसूत्र सेवा, सहयोग, समर्पण, संपर्क एवं संस्कार को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष राजेश जैन, सचिव सूर्य गोयल, कोषाध्यक्ष आशीष जैन, संजीव गोयल, मनीष जैन, सुमित मित्तल, अशोक गर्ग तिलकधारी, अमर गोयल, नवीन जैन, विपिन जैन, जिला अध्यक्ष ऋषिराज बुड़ाकिया, शाखा संयोजक डोली जैन, ऋतु जैन, शशि बुड़किया, संध्या जैन, सुनीता बंसल, पूजा जैन, इंदु सिंगला, अनु कंसल, पिंकी गोयल एवं सुमन कुच्छल सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

### श्याम बाबा दरबार के दर्शनों के लिए उमड़े श्रद्धालु



**हिसार।** महाभारतकालीन प्रसिद्ध बीड़ बबरान धाम में दो अलग-अलग दिन संकीर्तन धूमधाम से आयोजित किया गया। एकादशी व द्वादशी पर संकीर्तन के लिए श्याम बाबा के दरबार को पुष्पों से सजाकर भव्य स्वरूप दिया गया। दोनों दिन श्रद्धालुओं ने श्याम बाबा दरबार के दर्शन किए और माथा टेककर मन्नत मांगी। दरअसल बाबा का भव्य दरबार देखकर भक्तगण अभिभूत हो गए। बीड़ बबरान धाम के निज पुजारी विनय शर्मा ने श्याम बाबा की पूजा व आराधना करते हुए पूरे विधि-विधान से दोनों दिन संकीर्तन की शुरुआत की। इस दौरान भक्तों ने अर्जी लगाकर अपने कष्टों के निवारण की कामना की। संकीर्तन के दौरान गायकों ने श्याम बाबा की महिमा का गुणगान करके समां बांध दिया। संकीर्तन में भक्तों को सात्विक प्रसाद का वितरण भी किया गया। इस दौरान विनय शर्मा ने कहा कि श्याम बाबा की पूजा व आराधना पुण्य फलदायी है और श्याम बाबा सच्चे भक्तों से बड़ी जल्दी प्रसन्न होते हैं। इसलिए सच्चे मन से मांगी गई मुराद व दरबार में लगाई गई अर्जी अवश्य स्वीकार होती है।

### सामान्य ज्ञान स्पर्धा में अनुष्का रही प्रथम




**नारनौंद।** राष्ट्रीय शिक्षा समिति टोहाना द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में परम मित्र कन्या विद्या निकेतन विद्यालय की आठवीं कक्षा की छात्रा कुमारी अनुष्का ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय में छात्र-छात्राएं समय-समय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते रहे हैं। विद्यालय के प्राचार्य अमित गौड़ व प्रशासक मनदीप सिंधु ने बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय शिक्षार्थियों के सर्वोत्तम विकास के लिए वचनबद्ध है। स्कूल में पढ़ाई के साथ-साथ छात्रों को हर क्षेत्र में निपुण किया जाता है ताकि वह हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा सके।

### हर व्यक्ति को पौधरोपण करना चाहिए : आर्य



**हिसार।** मेरा युवा भारत केन्द्र हिसार एवं आजाद हिन्द युवा क्लब गांव किरतान के सहयोग कन्या गुरुकुल गांव डोभी की छात्राओं ने लाल पुर रोड के किनारे पौधरोपण किया। गुरुकुल के बलजीत सिंह आर्य ने बताया कि गुरुकुल के बच्चे हमेशा सामाजिक कार्यक्रमों में हमेशा बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। हमारा लक्ष्य है कि लाल पुर रोड डोभी गांव से गुरुकुल तक दोनों तरफ पेड़ पौधे लगाए जाएं। मार्ग के दोनों ओर जहां भी खाली जमीन है वहां छायादार पेड़ लगाएं। पौधरोपण हर व्यक्ति को करना चाहिए। यदि लोग अपने खेत में लगते हैं तो फलदार पेड़ लगाएं तो फल के साथ ऑक्सीजन भी मिलेगी। छाया भी भरपूर होगी, पक्षी बसेरा करेंगे। इस मौके गांव किरतान से आजाद हिंद युवा क्लब प्रधान कपूर सिंह आर्य, प्रोमिल आर्य, ऐंजल बिश्नोई, मीनाक्षी, दर्शिका, भूमि रानी, भव्या, हर्षिता, जयश्री, अक्षरा, अदिति आदि मौजूद थे।

## भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर में एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना हुई विकसित

- विद्यार्थियों ने जानी भारत की भाषाई और सांस्कृतिक विरासत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी



श्री काली देवी विद्या मंदिर में भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया गया। सात दिनों तक चले इस शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भारत की समृद्ध भाषाई एवं सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराना, भाषाई विविधता के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को सुदृढ़ करना था।

शिविर के प्रथम दिवस विद्यार्थियों को भारत की विभिन्न भाषाओं में प्रचलित अभिवादन की शैलियों, जैसे नमस्ते, वणक्कम, सत श्री अकाल व नमस्कार आदि से परिचित कराया गया। दूसरे दिन विद्यार्थियों ने सरल संवाद करना सीखा, जिससे उनमें संवाद कौशल एवं आत्मविश्वास का विकास हुआ। तृतीय दिवस भारत के विभिन्न राज्यों की लोकनृत्य शैलियों, पारंपरिक वेशभूषा एवं सांस्कृतिक परंपराओं की जानकारी दी गई। चतुर्थ दिवस विभिन्न राज्यों की प्रसिद्ध चित्रकला से अवगत कराया गया। पांचवें दिन विद्यार्थियों ने प्रमुख मसालों, फलों एवं सब्जियों की विशेषताओं को जाना। छठे दिन हांसी क्षेत्र के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के स्थलों का परिचय दिया गया। शिविर के अंतिम दिवस विद्यार्थियों को हांसी के प्रमुख ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों श्री काली देवी मंदिर, बड़सी गेट, जैन मंदिर, श्री लक्ष्मण चौतरा मंदिर, विष्णु भगवान मंदिर तथा समाधा मंदिर परिसर का शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या गीता मेहता ने इसे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सार्थक एवं प्रेरणादायी कदम बताया।

## मुख्य मुनि महावीर बने युवाचार्य, तेरापंथ समाज में दौड़ी हर्ष की लहर



**उकलाना।** जैन श्वेतांबर तेरापंथ धर्मसंघ के इतिहास में एक नया स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया, जब आचार्यश्री महाश्रमण ने मुख्य मुनि महावीर कुमार को धर्मसंघ का युवाचार्य घोषित किया। इस ऐतिहासिक घोषणा के साथ ही देश-विदेश के तेरापंथ समाज में हर्ष और उत्साह की लहर दौड़ गई। श्रद्धालुओं ने इसे धर्मसंघ के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय बताते हुए गुरुदेव के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। तेरापंथ समाज के श्रद्धालुओं ने कहा कि यह निर्णय धर्मसंघ की गौरवशाली परंपरा, अनुशासन और आध्यात्मिक नेतृत्व को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। इस अवसर पर श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा, उकलाना के अध्यक्ष विनय जैन, उपाध्यक्ष दिनेश जैन तथा सभा सचिव नवीन जैन सहित समस्त पदाधिकारियों एवं समाज के सदस्यों ने आचार्यश्री महाश्रमण के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## डॉ. कलाम की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



**उकलाना।** आरडीएम सरस्वती पब्लिक स्कूल में भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं 'मिसाइल मैन' डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. के.सी. शर्मा तथा प्रधानाचार्या शालू सुवीन कटारिया ने डॉ. कलाम के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके महान व्यक्तित्व, वैज्ञानिक सोच और राष्ट्र निर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान को याद किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया।

**कार्यक्रम** गुजवि में भारतीय शिक्षण मंडल के सौजन्य से हुआ 'गुरु पूर्णिमा समारोह'

# गुरु पूर्णिमा केवल एक पर्व नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का संकल्प

- भारत को भारत के रूप में प्रस्तुत करने के लिए हम सबको व्यास बनना पड़ेगा : बीआर शंकरानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय संगठन मंत्री बीआर शंकरानंद ने कहा है कि आज पूरा विश्व बदलते हुए भारत को नई दृष्टि से देख रहा है। भारत की सनातन ज्ञान परंपरा, संस्कृति और जीवन मूल्यों की प्रासंगिकता निरंतर बढ़ रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि भारत को भारत के रूप में प्रस्तुत करने के लिए हम सबको व्यास होना पड़ेगा।

बीआर शंकरानंद सोमवार को गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय एवं भारतीय शिक्षण मंडल, हरियाणा प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित गुरु पूर्णिमा समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने की। भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय मंडल कार्य विभाग प्रमुख डॉ. जितेन्द्र भारद्वाज विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विजय कुमार तथा गुरु जम्भेश्वर जी महाराज धार्मिक अध्ययन संस्थान के विभागाध्यक्ष प्रो. किशनाराम बिश्नोई भी मंच पर उपस्थित रहे।



हिसार। गुरु पूर्णिमा समारोह का उद्घाटन करते मुख्यातिथि बीआर शंकरानंद, कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई एवं अन्य अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

मुख्यातिथि बीआर शंकरानंद ने कहा कि गुरु पूर्णिमा केवल एक पर्व नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का संकल्प है। व्यास पूजा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि 'व्यास' गुरु परंपरा का प्रतीक है, 'पूजा' का अर्थ केवल आराधना नहीं, बल्कि गुरु के आदर्शों को अपने जीवन में उतारना है, जबकि 'उत्सव' का वास्तविक अर्थ महान आदर्शों को समाज तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि कर्म की शुद्धि से पहले भाव की शुद्धि आवश्यक है।

### श्रद्धा व्यक्त करने का पावन उत्सव

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि गुरु पूर्णिमा भारतीय जीवन दर्शन, गुरु-शिष्य परंपरा और ज्ञान के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने का पावन उत्सव है। भारतीय ज्ञान परंपरा, सांस्कृतिक मूल्यों तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारतीयता, नैतिकता, अनुसंधान, नवाचार और समग्र व्यक्तित्व विकास पर आधारित है तथा यही भाव विकसित भारत के निर्माण का आधार बनेगा।

### भारतीय शिक्षा दर्शन को लोगों को पहुंचा रहे

विशिष्ट अतिथि डॉ. जितेन्द्र भारद्वाज ने कहा कि अखिल भारतीय शिक्षण मंडल वर्षों से भारतीय शिक्षा दर्शन को समाज तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है। अखिल भारतीय शिक्षण मंडल के सदस्य कुलदीप आर्य ने भारतीय शिक्षण मंडल का ध्येयमंत्र तथा प्रो. तेजपाल सिंह ने प्रेरणादायी अखिल भारतीय शिक्षण मंडल गीत प्रस्तुत किया।

## खबर संक्षेप

### हिसार सर्कल के एसई ने संभाला कार्यभार

**हिसार।** बिजली निगम के हिसार सर्कल में नव नियुक्त अधीक्षक अभियंता अविनाश यादव ने अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने सर्कल कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक कर परिचय प्राप्त किया तथा विद्युत वितरण व्यवस्था, उपभोक्ता सेवाओं और विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। साथ ही उन्होंने राजस्व संग्रह, लाइन लॉस में कमी, उपभोक्ता शिकायतों के त्वरित निस्तारण तथा सरकार एवं निगम की जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर सर्कल कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनका स्वागत करते हुए उन्हें पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

### जनपरिवाद समिति की बैठक रखे जाएंगी 15 शिकायतें

**हिसार।** जिला लोक सम्पर्क एवं जनपरिवाद समिति की बैठक 30 जुलाई को दोपहर 3 बजे लघु सचिवालय में आयोजित होगी। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा के सहकारिता मंत्री अरविन्द कुमार शर्मा करेंगे। बैठक में विभिन्न विभागों से जुड़ी 15 शिकायतों पर सुनवाई कर उनके समाधान को लेकर समीक्षा की जाएगी। यह जानकारी देते हुए नगराधीश रोहित कुमार ने बताया कि बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को अपनी-अपनी शिकायतों से जुड़ी ताजा रिपोर्ट, आवश्यक दस्तावेज और अब तक की गई कार्रवाई का पूरा विवरण लेकर उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि बैठक सभी शिकायतों की एक-एक कर समीक्षा की जाएगी और उनके जल्द व प्रभावी समाधान के लिए जरूरी निर्देश दिए जाएंगे।

### अतिक्रमण पर निगम की सख्ती, किया सामान जब्त

**हिसार।** शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से नगर निगम का अभियान लगातार जारी है। सोमवार को नगर निगम की टीम ने शुरुआत एचएयू गेट नंबर 2 से लेकर मलिक चौक और मलिक चौक से लेकर परिजात चौक तक अतिक्रमण हटाकर की। इसके बाद टीम ने रेलवे रोड़ से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इसके बाद पोस्ट ऑफिस के सामने और नागौरी गेट से लेकर गुलाब सिंह चौक और गुलाब सिंह चौक से लेकर गांधी चौक तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इस दौरान गांधी चौक व आर्य बाजार से 4 से 5 दुकानदारों का दुकान की परिधि से बाहर रखा सामान जब्त किया। इसके बाद टीम ने बाला जी मार्केट, राजगुरु मार्केट, बिश्नोई मंदिर मार्केट से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इसके बाद टीम ने तलाकी गेट से विश्वकर्मा धर्मशाला और तलाकी गेट से सिरसा चुंगी तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।

## समाधान शिविर में सीटीएम हिमांशु चौहान ने सुनीं जन समस्याएं

# पेयजल लाइन लीकेज और खुले मैन होल संबंधी शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



समाधान शिविर में जनसमस्याएं सुनते सीटीएम हिमांशु चौहान।

जिला सचिवालय परिसर में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने पर विशेष जोर दिया गया। शिविर में सीटीएम हिमांशु चौहान ने आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रत्येक मामले में त्वरित एवं समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिविर के दौरान गांव सिसाय बोलान निवासी बबीता ने भूमि इंतकाल करवाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। मामले का संज्ञान लेते हुए सीटीएम ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को आवश्यक औपचारिकताएं शीघ्र पूरी कर भूमि इंतकाल की प्रक्रिया तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि आवेदक को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। इसी प्रकार गांव कुलाना के एक नागरिक ने पेयजल आपूर्ति की पाइपलाइन में लीकेज होने की शिकायत रखी। सीटीएम हिमांशु चौहान ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को तुरंत मौके पर पहुंचकर निरीक्षण करने तथा पाइपलाइन लीकेज की मरम्मत कर पेयजल आपूर्ति सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए।

### शहर में कहीं भी मैनहोल न हों खुले

शिविर में शहर क्षेत्र में सीवरेज लाइन के खुले मैनहोल पर ढक्कन नहीं होने संबंधी शिकायत भी सामने आई। इस पर सीटीएम ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शहर में कहीं भी सीवरेज का होल खुला नहीं रहना चाहिए। यदि किसी स्थान पर ढक्कन टूटा हुआ अथवा गायब है तो उसे तत्काल बदलकर नया ढक्कन लगाया जाए, ताकि आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और किसी प्रकार की अप्रिय घटना की संभावना न रहे। समाधान शिविर में नायब तहसीलदार सुरेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



हिसार। नेटबॉल में ब्लॉक चैंपियन बनी होली चाइल्ड स्कूल की टीम।

## नेटबॉल में होली चाइल्ड स्कूल बना चैंपियन

**हिसार।** होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल की अंडर-14 बॉयज़ टीम ने मय्यड़ में आयोजित ब्लॉक स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर ब्लॉक चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। जिला शिक्षा विभाग के तत्वाधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में जीत के साथ टीम ने जिला स्तर प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक आर. एस. सिंधु ने विजेता खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय भविष्य में भी खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं और अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानाचार्या अनीता पन्नू दलाल ने कहा कि अंडर-14 बॉयज़ टीम की यह सफलता खिलाड़ियों के निरंतर अभ्यास, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है।

## युवाओं को मिली स्वरोजगार की नई दिशा

- ओएसजीयू में द्वितीय 'बिजनेस स्टार्टअप और एंटरप्रेन्योरशिप' ट्रेनिंग प्रोग्राम का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। समापन समारोह में उपस्थित विशेषज्ञ एवं प्रतिभागी।

युवाओं में उद्यमिता का संचार करने और उनके इनोवेटिव विचारों को व्यावहारिक रूप देने के उद्देश्य से ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय में आयोजित द्वितीय पांच दिवसीय निःशुल्क 'बिजनेस स्टार्टअप और एंटरप्रेन्योरशिप' ट्रेनिंग प्रोग्राम का भव्य समापन हुआ। ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय, ओम वेलफेयर सोसायटी और बिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित विशेष प्रशिक्षण में लगभग 28 प्रतिभागियों ने भाग लिया। समापन समारोह में सफल प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ पुनीत गोयल व प्रो चांसलर डॉ पुनम गोयल ने विश्वविद्यालय के शीर्ष नेतृत्व ने युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा, इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण ने युवाओं के सोच के दायरे को विस्तार दिया है। अब वे केवल विचारों तक सीमित न रहकर एक ठोस कार्ययोजना के साथ बाजार में उतरने को तैयार हैं। ओएसजीयू अपने हर उभरते हुए उद्यमी को मेंटरशिप से लेकर तकनीकी सहयोग तक हर कदम पर मदद प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के दौरान ग्रुप सीओओ एवं प्रोवोस्ट डॉ. अजय कुमार पोद्दार तथा कुलपति डॉ. एन. पी. कौशिक ने समारोह में उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए ने कहा, किसी भी नए व्यवसाय की नींव सही मार्गदर्शन पर टिकी होती है।

### भवन निर्माण मजदूरों का लघु सचिवालय पर प्रदर्शन, श्रम मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**हांसी।** केंद्रीय ट्रेड यूनियन एआईयूटीयूसी से संबद्ध भवन निर्माण कारीगर मजदूर यूनियन ने सोमवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर लघु सचिवालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद श्रम मंत्री हरियाणा के नाम ज्ञापन उपायुक्त की अनुपस्थिति में सीटीएम हांसी को सौंपा गया। प्रदर्शन की अध्यक्षता यूनियन के जिला प्रधान सत्यनारायण भाटोल ने की, जबकि संचालन जिला सचिव मास्टर विजेंद्र जीतपुरा ने किया। प्रदर्शन से पूर्व पार्क में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए एआईयूटीयूसी के प्रदेश उपाध्यक्ष मेहर सिंह बांगड़ ने कहा कि हरियाणा सरकार भ्रष्टाचार के नाम पर भवन निर्माण मजदूरों को परेशान कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले लगभग एक वर्ष से भवन निर्माण मजदूरों के सभी हित लाभ तथा नए पंजीकरण की प्रक्रिया पर रोक लगी हुई है, जिससे हजारों मजदूरों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस अवसर पर वंदना ठाकुर, जय सिंह, सुशील, राजेंद्र, सुनीता, मौसम, पार्वती और राहुल सहित बड़ी संख्या में भवन निर्माण श्रमिक उपस्थित रहे।

## रीजनल साहित्यिक एवं तीरंदाजी प्रतियोगिताओं में विज्डम स्कूल छाया

- एएसआईएससी जोनल प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार




हिसार। शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

साउथ बाईपास स्थित विज्डम स्कूल के विद्यार्थियों ने सीआईएससीई की विभिन्न जोनल साहित्यिक एवं तीरंदाजी प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता, प्रभावशाली अभिव्यक्ति एवं खेल कौशल का शानदार परिचय देते हुए अनेक पदक और सम्मान अपने नाम किए। आदर्श पब्लिक स्कूल, करनाल में आयोजित सीआईएससीई जोनल साहित्यिक प्रतियोगिता में विज्डम स्कूल के विद्यार्थियों ने तीन रजत पदक अर्जित किए। अर्शिया ने स्टोरी नैरेशन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दक्ष ने क्रिएटिव राइटिंग (जूनियर वर्ग) में द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि कादंबरी ने क्रिएटिव राइटिंग (सब-जूनियर वर्ग) में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इसी क्रम में सेंट पॉल स्कूल, अंबाला में आयोजित डिक्लेमेशन प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्रा काव्यांजलि ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विज्डम स्कूल के लिए एक और गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की। वहीं, बीबी सुरेन्द्र कौर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मालवा, गिद्दड़बाहा (पंजाब) में आयोजित सीआईएससीई रीजनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र मयंक सहारण ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया।




हिसार। जनसंवाद कार्यक्रम में बातचीत करते पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता।

## जनसंवाद में पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने सुनीं जनसमस्याएं

**हिसार।** भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने आमजन की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर बातचीत की तथा उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भाजपा की हमेशा से यह सोच रही है कि जनता की जायज़ समस्याओं का शीघ्र समाधान हो। कार्यक्रम के दौरान भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष विनोद तोशावड़ ने पूर्व मंत्री को ज्ञापन सौंपकर खंजाचियान बाजार का नाम बदलकर महाराजा अजमीढ़ जी बाजार रखने तथा निकटवर्ती चौक का नामकरण महाराजा अजमीढ़ जी के नाम पर करते हुए वहां उनकी प्रतिमा स्थापित करने की मांग की। वहीं स्वर्णकार समाज के प्रतिनिधियों ने स्वर्णकार कला एवं कल्याण बोर्ड के गठन तथा समाज के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान के लिए विशेष नीतियां लागू करने का आग्रह किया। डॉ. गुप्ता ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वे स्वर्णकार समाज की सभी मांगों को विस्तारपूर्वक मुख्यमंत्री के समक्ष रखेंगे और उनके सकारात्मक समाधान का प्रयास करेंगे।

### महेश चौधरी ने अध्यक्ष पद की संभाली कमान

**हिसार।** लायंस क्लब हिसार-ए-फिरोजा का त्रिशिव इंस्टॉलेशन समारोह यहां आयोजित किया गया। समारोह में क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेश चौधरी एवं उनकी टीम का विधिवत इंस्टॉलेशन संपन्न हुआ। इसके उपरांत इंस्टॉलेशन चेयरमैन एवं पीआरओ इन चीफ पवन सरदाना ने सभी अतिथियों एवं सदस्यों का स्वागत किया। पूर्व अध्यक्ष हरीश छाबड़ा ने अपने कार्यकाल का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जबकि क्लब सचिव सुरेन्द्र बजाज ने वर्ष भर की सेवा गतिविधियों का विस्तृत विवरण दिया। समारोह के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर संजय गांधी ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उनकी टीम को शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रथम वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर महेश बंसल एवं द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पुनीत बंसल ने भी अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में नई टीम को शुभकामनाएं दीं। इंस्टॉलेशन का कार्यक्रम पवन सरदाना व मुकेश बजाज की देखरेख में संपन्न हुआ।

## हल्की बारिश में जलभराव, अधिकारियों को दिए निर्देश

- अलका मलिक ने दिए अधिकारियों को कड़े निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद



नारनौंद। न्यायिक परिसर का दौरा करती जिला सत्र न्यायाधीश व अन्य।

दो दिन पहले हुई हल्की बारिश के कारण ही नारनौंद के खांडा मोड़ सहित उपमंडल परिसर में पानी भर गया था। इसको लेकर सोमवार को जिला सत्र न्यायाधीश अलका मलिक ने दौरा कर स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि जल्द से जल्द इसका समाधान किया जाए। वहीं कोर्ट और वादीगण हाल का निर्माण भी 20 दिन के अंदर पूरा किया जाए। साथ ही न्याय परिसर में पानी न घुसे इसके लिए मैन गेट को ऊंचा किया जाए। बता दें कि दो दिन पहले ही नारनौंद में हुई हल्की बारिश ने प्रशासन के दावों की पोल खोल दी। खांडा मोड़, न्यायिक परिसर, उपमंडल कार्यालय, सरकारी अस्पताल, राजकीय महाविद्यालय में पानी भर गया था जिसके कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा था। इसी मामले को संज्ञान में लेकर जिला सत्र न्यायाधीश अलका मलिक, एसडीजेएम पीयूष गखक्कड़, जेएमआईसी खुशकरनजोत सिंह ने न्यायिक परिसर का दौरा किया। नगर पालिका के सचिव प्रदीप कुमार ओर एमई राजकुमार से पूछा कि हल्की बारिश में ही पानी भर गया, आपकी ये कैसी तैयारी है। आगे पानी न भरे इसके लिए आज से काम पर जुट जाओ सभी नालों की सफाई व्यवस्था दुरुस्त की जाए। रिचार्ज बोरवेल का दोबारा से बोर करवाया जाए ताकि पानी ना रुक सके। पीडब्लूडी विभाग के अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि कोर्ट परिसर के ऊपरी भाग पर बन रही कोर्ट को 20 दिन में तैयार किया जाए साथ ही वादिगण के लिए तैयार किया जा हाल भी बिजली का काम होते ही 15 दिन में पूरा होना चाहिए।

### ये रहे मौजूद

वकीलों ने मांग रखी कि उनको बैठने के उचित स्थान दिया जाए। अभी तक काफी वकीलों को बैठने की जगह नहीं मिल पाई हैं। जिला सत्र न्यायाधीश अलका मालिक ने वकीलों से काफी देर तक बातचीत की हॉल को भी देखा तो उसमें बड़ा गेट लगाने के आदेश दिए। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के प्रधान ज्ञान प्रकाश लोहान, सुनील पनिहार, कृष्ण काजल, प्रदीप लोहान, जितेंद्र खरब, सुशील शर्मा, संदीप लोहान, आकाश बुधवार, भाल सिंह आदि मौजूद थे।

## भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का विस्तार तेज, संजय डालमिया बने प्रदेश सचिव



**हिसार।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल हरियाणा प्रदेश के प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक प्रदेश अध्यक्ष एवं सोनीपत के मेयर राजीव जैन की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठन के राष्ट्रीय चेयरमैन बालकिशन अग्रवाल तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री रविकांत गर्ग विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष राजीव जैन ने कहा कि संगठन का शीघ्र ही हरियाणा के सभी 23 जिलों में विस्तार किया जाएगा। बैठक के दौरान संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण नियुक्तियों की घोषणा की गई। श्रीनिवास गोयल को प्रदेश संरक्षक, संजय डालमिया (हिसार) को प्रदेश सचिव, रिपुदमन गुप्ता (रेवाड़ी) एवं मुनीश गोयल (बरवाला) को प्रदेश संगठन मंत्री, ललित महाजन (चरखी दादरी) को प्रदेश कोषाध्यक्ष तथा सोनू गर्ग (हिसार) को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों का प्रदेश महामंत्री दुर्गादत्त गोयल और राष्ट्रीय चेयरमैन बालकिशन अग्रवाल ने अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

### स्वच्छता नियमों की अनदेखी पर 21 के काटे चालान

**हिसार।** शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम ने स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। निरीक्षण के दौरान निगम की टीम ने पिछले दो दिनों में को कुल 14 चालान किए। वहीं सोमवार को 7 चालान किए। एएसआई विजेता ने 14 मामलों में कार्रवाई करते हुए रेड स्क्वेयर मार्केट स्थित एक लैब के कर्मचारी द्वारा खुले में कचरा डालने पर 5 हजार रुपये का चालान किया। इसी क्षेत्र के दुकानदार के द्वारा कचरा डालने पर 500 रुपये का चालान किया गया। इसके अलावा सेक्टर-14 पार्ट-2, सत्य नगर, सेक्टर-33 और ऋषि नगर में खुले में कचरा डालने वाले 10 दुकानदारों पर 500-500 रुपये के चालान किए। वहीं ऋषि नगर क्षेत्र में दो दुकानदारों के गीले और सूखे कचरे का सेग्रीगेशन नहीं करने पर 200-200 रुपये के चालान किए। एएसआई सरोज ने साउथ बाइपास, बालसमंद रोड, ओल्ड कोर्ट कॉम्प्लेक्स और मॉडल टाउन क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान पांच दुकानदारों के द्वारा कचरा सेग्रीगेशन के नियमों की अवहेलना करने पर 200-200 रुपये का चालान किए।

## गोसेवकों ने संतों संग निकाली गो सम्मान आह्वान अभियान यात्रा




हिसार। यात्रा में भाग लेते संतजन व विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गोमाता की सेवा, सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से देशव्यापी स्तर पर संचालित गो सम्मान आह्वान अभियान के द्वितीय चरण के तहत सोमवार को हिसार जिले में गोसेवक हरि सिंह बैनीवाल द्वारा आयोजित गो सम्मान आह्वान अभियान यात्रा की गई। पीले रंग के गो माता का चित्र अंकित ध्वज लेकर संतों और गो भक्तों ने हुंकार भरी। जिले के संतों ने क्रांतिमान पार्क से यात्रा आरम्भ की। इनमें मुख्य रुप से स्वामी राजदास महाराज, स्वामी गोविन्द पुरी, स्वामी दर्शन गिरी, स्वामी बंटी महन्त, स्वामी श्रवण दास महाराज, स्वामी विवेक पुरी सहित हजारों गौ रक्षकों के साथ की गई यात्रा का समापन डीसी कार्यालय में हुआ। लघु सचिवालय पहुंचने पर अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल ने ज्ञापन स्वीकार किया और सरकार तक गो माता की आवाज पहुंचाने का आश्वासन दिया। पिछले तीन महीने से हस्ताक्षर अभियान मातृ शक्ति और गो सेवकों के नेतृत्व में चल रहा था। कुल पांच लाख हस्ताक्षर करवाने के लक्ष्य को पूरा करते हुए एनिमल लवर्स ट्रस्ट से रीना सिहाग, धर्म जागरण मंच से चेतना कौशिक और आदमपुर गो सेवक दल से जोगिंद्र सिंह और प्रियंका सहित विश्व हिंदू परिषद से मीनाक्षी मुदगिल के नेतृत्व में माताओं, बहनों और गो भक्तों ने गोमाता को राष्ट्र माता बनाने की मांग को लेकर अपना ज्ञापन दिया। यात्रा में मुख्य रुप से सीताराम सिंगल, रणवीर सिंह, रोहतास, सुशील कौशिक सहित अनेक गोसेवक उपस्थित रहे।

## ईमानदार पुलिसकर्मियों ने मालिक को लौटाया पर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

एचटीएम थाना के अंतर्गत एमसी चौकी में तैनात पुलिस कर्मियों ने ईमानदारी की मिसाल पेश करते हुए गश्त के दौरान मिला पर्स उसके असली मालिक को सकुशल लौटाया। एसपी सिद्धांत जैन ने बताया कि थाना एचटीएम के अंतर्गत राइडर नंबर-11 पर तैनात एचजीएच वीरेंद्र तथा एसपीओ सुरेन्द्र कुमार रात्रि गश्त के दौरान क्षेत्र में मौजूद थे। इसी दौरान उन्हें एक लावारिस पर्स मिला। पुलिस कर्मियों ने पर्स की जांच की तो उसमें 4800 रुपये की नकदी, आधार कार्ड, पैन कार्ड, एटीएम कार्ड तथा अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज मिले। पुलिस कर्मियों ने दस्तावेजों के आधार पर पर्स के मालिक की पहचान ठंडी सड़क निवासी ओमप्रकाश के रूप में की। तत्परता दिखाते हुए पुलिस ने उनसे संपर्क किया और सभी दस्तावेजों सहित 4800 रुपये की पूरी नकदी सुरक्षित रूप से उनके सुपुर्द कर दी। अपना खोया हुआ पर्स एवं नकदी वापस मिलने पर ओमप्रकाश ने पुलिस की ईमानदारी, तत्परता और जनसेवा की भावना की सराहना करते हुए पुलिस कर्मियों का हृदय से आभार व्यक्त किया।



हिसार। मालिक को पर्स सौंपते पुलिस कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि